स्तन कैन्सर के लक्षण

नीचे दिये गए चिन्ह और लक्षण प्रारंभिक स्तन कैन्सर के लक्षणों में शामिल हैं:-

- स्तन में गाँठ
- स्तन के आकार या माप में परिवर्तन
- स्तन में गड्ढा पड़ना या स्तन की कोशिकाओं का सघन होना
- स्तनाग्र का अंदर की तरफ धंस जाना
- स्तनाग्र पर चकत्ते पड़ जाना
- स्तनाग्र से रिसाव
- कांख/बगल में गाँठ या सूजन
- स्तन में दर्द या असुविधा या बेचैनी का अहसास (किन्तु, ज्यादातर (85%) स्तन कैन्सर के मामलों में गाँठ शुरु में दर्दरहित होती है)

स्तन में दर्दरहित गाँठ स्तन कैन्सर का सबसे सामान्य लक्षण है।

स्तन में होने वाली ज्यादातर गाँठें कैन्सर की नहीं होती। ये ज्यादातर फाईब्रोएडिमा होती हैं जो रेशों और ग्रंथियों के ऊतकों से बनी होती हैं।

किन्तु, किसी भी असामान्यता का डॉक्टर द्वारा परीक्षण करा लेना महत्वपूर्ण है। स्तन कैन्सर का जितनी जल्दी इलाज किया जा सके उतना उसके पूरी तरह से ठीक होने की सम्भावना रहती है।